दिन– सोमवार दिनांक– 03 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के सात चरणों में राज्य की चालीस सीटों पर डाले गए वोटों की गिनती कल होगी। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव की मतगणना भी कल।

02. मतगणना की मॉनिटरिंग के लिए राज्य में दो टीमों का गठन। आज सभी जिलों में होगा मतगणना का पूर्वाभ्यास।

03. यूपीआई लेन–देन का नया कीर्तिमान, इस वर्ष मई महीने में चौदह अरब से अधिक लेन–देन हुए।

04. और, राज्य में मॉनसून के निर्धारित समय से पहले पहुंचने की संभावना। मौसम विभाग ने कहा– अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर बारिश के आसार।

---

लोकसभा चुनाव के सात चरणों में राज्य की चालीस सीटों पर डाले गए वोटों की गिनती कल होगी। इसी दिन भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा उपचुनाव की मतगणना भी होगी। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतगणना रूझान और परिणाम, आयोग की वेबसाइट रिजल्ट डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर उपलब्ध रहेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर या एप्पल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने कहा है कि इस दौरान मतगणना केन्द्रों में और उसके आस पास केवल प्राधिकृत व्यक्ति, अधिकारी या कर्मचारी ही जा सकेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय पर बनाए गए मतगणना केंद्रों पर मीडिया के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है, जिससे परिणाम की नवीनतम जानकारी हासिल की जा सके। मतगणना केंद्रों के आसपास धारा– एक सौ चौवालीस लागू की गई है।

---

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि सभी संसदीय क्षेत्रों के लिए एक–एक मतगणना केन्द्र बनाए गये हैं, लेकिन अरवल, शिवहर, सहरसा, शेखपुरा और लखीसराय जिले में मतगणना केन्द्र नहीं बनाए गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राजधानी पटना सहित कुछ जिलों में दो–दो मतगणना केन्द्र बनाए गये हैं। श्री श्रीनिवास ने बताया कि मतगणना कार्य को सुचारू तरीके से

संचालित करने के लिए आज सभी जिलों में पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतगणना केन्द्र कड़ी सुरक्षा घेरे में रहेंगे। मतगणना केन्द्रों के बाहर केन्द्रीय पुलिस बल से लेकर बिहार पुलिस के जवानों की तैनाती की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतगणना केन्द्रों के आस–पास दो सौ मीटर के दायरे में लोगों के आने पर रोक रहेगी। इसके साथ ही किसी भी उम्मीदवार को विजय जुलूस निकालने के लिए पूर्व में ही अनुमति लेनी होगी।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना की प्रक्रिया छह चरणों में पूरी की जायेगी। पहले चरण में कंट्रोल यूनिट के नम्बर का गुलाबी और हरे पेपर के सील नम्बर से मिलान किया जाएगा। इसके साथ ही इवीएम की तारीख और समय को रिकॉर्ड से मिलान कराया जाएगा। मतगणना में सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती की जायेगी। इसके तीस मिनट बाद इवीएम मशीनों से मतों की गिनती शुरू होगी। पहले चक्र की गिनती के बाद चुनाव अधिकारी रूझानों की जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि एक चक्र में चौदह मशीनों के मतों की गिनती की जाएगी। गणना के पहले एक चक्र को पूरा होने में चालीस मिनट का समय लगता है। श्री श्रीनिवास ने कहा कि मतगणना केन्द्र में चुनाव आयोग के प्रेक्षक को छोड़कर किसी को भी मोबाईल फोन रखने की अनुमति नहीं होगी।

---

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास ने चालीस लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाली मतगणना की मॉनिटरिंग के लिए दो टीम का गठन किया है। मतगणना के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय सभागार में संचालित होने वाले नियंत्रण कक्ष का दायित्व अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, एसीईओ आलोक रंजन घोष को दिया गया है। श्री श्रीनिवास ने बताया कि सुबह सात बजे से मतगणना समाप्त होने तक नियंत्रण कक्ष कार्य करता रहेगा। मतगणना के दौरान दूरभाष संख्या शून्य छह एक दो–दो दो एक सात छह शून्य एक, शून्य छह एक दो– दो दो एक सात छह शून्य दो और शून्य छह एक दो– दो दो एक सात पांच नौ सात पर किसी भी प्रकार की शिकायत की जा सकती है।

---

इस बार राज्य में लोकसभा चुनाव में उनचालीस महिला उम्मीदवारों सहित चार सौ सत्तानवे उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, आरके सिंह, नित्यानंद राय, वरिष्ठ नेता राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, तारिक अनवर, राम कृपाल यादव, राजीव प्रताप रूडी, मीसा भारती और रोहिणी आचार्य हैं। वर्ष दो हजार उन्नीस के चुनाव में राज्य की चालीस सीटों के परिणाम पूरी तरह से एनडीए के पक्ष में रहे थे। आईए जानते हैं क्या रहा था पिछले चुनाव में सीटों का गणित। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

लोकसभा चुनाव 2019  में राज्य की 40 सीटों में से 39 पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए ने जीत दर्ज की थी। पिछले चुनाव में 17–17 सीटें भाजपा–जदयू ने अपने पास रखी थी और छह सीटें दिवंगत रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी को दी थी। भाजपा ने अपनी सभी 17 सीटें और लोजपा ने अपनी सभी छह सीटें जीती थीं। जदयू को एक सीट का नुकसान हुआ था, जो कांग्रेस के खाते में गई थी। तब के यूपीए गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार किशनगंज सीट पर विजयी हुए थे। लोकसभा चुनाव 2024 में समीकरण बदले हुए हैं। पिछली बार जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा– सेक्युलर महागठबंधन के साथ थी। उपेंद्र कुशवाहा भी तब महागठबंधन के साथ ही थे। इस बार दोनों राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ हैं। भाजपा 17,जदयू 16, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास 5, उपेन्द्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा 1 और जीतन राम मांझी की पार्टी हम 1 सीट पर चुनाव लड़ रही है। इधर, नए बने आईएनडीआईए गठबंधन ने कई पार्टियों को साथ लेकर एक मज़बूत चुनौती देने का प्रयास किया है। इंडी गठबंधन में शामिल दल राजद 23 सीटों पर ,कांग्रेस 9 सीटों पर, मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी 3, भाकपा माले 3 और भाकपा तथा माकपा एक–एक सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए अनुपम कुमार।

———————————————————

पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव पर फायरिंग करने के मामले में मसौढ़ी से राजद विधायक रेखा देवी के खिलाफ सेक्टर मजिस्ट्रेट ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत मतदान के दौरान विधायक अपने समर्थकों के साथ मसौढ़ी प्रखंड के तिनेरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या–एक सौ अठ्हत्तर पर पहुंची और गलत तरीके से केन्द्र में प्रवेश किया। वहीं, विधायक रेखा देवी ने भी ग्यारह लोगों पर बूथ कब्जा करने और पार्टी के पोलिंग एजेंट को डरा–धमका कर भगाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

———————————————————

भारत की लोकप्रिय भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस –यूपीआई लेनदेन ने मई महीने में चौदह अरब से अधिक लेनदेन का नया कीर्तीमान स्थापित किया है। इस दौरान बीस खरब पैंतालीस अरब रुपये का लेन–देन किया गया। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष मई की तुलना में ये लेनदेन उनचास प्रतिशत अधिक हैं। अप्रैल दो हजार सोलह में यूपीआई शुरू होने के बाद से मई के वर्तमान आंकड़े मूल्य और मात्रा के हिसाब से सबसे अधिक हैं।

---

राज्य में मॉनसून के निर्धारित समय से पहले पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार केरल में मॉनसून समय से पहले पहुंच चुका है। अगले एक–दो दिन में परिस्थितियों के अनुकूल होने के साथ ही मॉनसून के प्रदेश में भी समय से पहले पहुंचने की संभावना बनी हुई है। इधर, राज्य के कई स्थानों पर गर्मी का प्रकोप जारी है। हालांकि पिछले चौबीस घंटों के दौरान किसी भी जिले में लू की स्थिति नहीं देखी गयी। साथ ही अधिकांश स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। इस अवधि में चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ नवादा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान छत्तीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

–––बाईट–––

---

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई और डेटा विज्ञान के क्षेत्रों में अल्पकालिक पाठ्यक्रम शुरू कर रही है। इसमें गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों के तहत कोर इंजीनियरिंग संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया जाएगा। तमिलनाडु के कॉलेजों में इस वर्ष एआई और डेटा साइंस दूसरे सबसे अधिक मांग वाले पाठयक्रम है। बाजार में बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस एनालिटिक्स पर अधिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए तैंतालीस प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित टिकट मशीन लगाई है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वतीचंद्र ने बताया कि इसके तहत समस्तीपुर रेलमंडल के नौ स्टेशनों पर उनतीस, सोनपुर मंडल के आठ स्टेशनों पर चौबीस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के छह स्टेशनों पर अठारह और धनबाद मंडल के सात स्टेशनों पर अठारह मशीनों ने कार्य करना शुरू कर दिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि इन मशीनों से अनारक्षित टिकट लेना आसान है और यात्रियों को लंबी कतार से भी मुक्ति मिलेगी।

---

और अब एक महत्वपूर्ण सूचना। आकाशवाणी समाचार, पटना का यूट्यूब चैनल और ई–मेल हैक हो गया है। आकाशवाणी, पटना के समाचार प्रमुख अजय कुमार ने बताया कि बीते तीस मई को इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद इस बाबत बिहार आर्थिक अपराध इकाई के साइबर अपराध प्रकोष्ठ में आवेदन देकर जांच करने का आग्रह किया गया है। श्री कुमार ने बताया कि इस मामले में साइबर पुलिस थाने में भी प्राथमिकी दर्ज कराई गयी हैं ताकि हैकिंग के बाद इसका दुरूपयोग रोका जा सके।

---

बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गौड़ा गांव के पास पुलिस ने एक गोदाम से सड़क निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक ट्रक और मोटरसाईकिल के साथ अस्सी ड्रम चारकोल जब्त किया गया है।

---

मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना पुलिस ने हथियार की खरीद बिक्री करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, एक मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।

---

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के नया भरगामा पंचायत के दो जनवितरण – प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों पर गेहूं और चावल की कालाबाजारी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि दुकानदारों का लाइसेन्स भी रद्द कर दिया गया है।

---

पटना जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र से पुलिस ने साइबर गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, इसी जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भखरा गांव से पुलिस ने तीन युवकों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र में गंडक नदी में स्नान करने के दौरान दो युवकों की डूबकर मौत हो गयी।

---

मुजफ्फरपुर जिले के शकरा थाना क्षेत्र के एक माइक्रो फॉईनान्स कंपनी से रूपये चोरी के मामले में पुलिस ने शाखा प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की बड़ी खबर है– मतगणना से पहले भाजपा और इंडी गठबंधन ने दी चुनाव आयोग की चौखट पर दस्तक।

**दैनिक जागरण** ने शिक्षा विभाग से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है– अखबार लिखता है–पाठक छुट्टी पर गये, सिद्धार्थ को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव का मिला प्रभार।

**दैनिक भास्कर** ने अरूणाचल और सिक्किम में हुए विधानसभा चुनाव पर लिखा है– अरूणाचल–सिक्किम में सत्तारूढ़ दलों का कब्जा कायम।

**प्रभात खबर** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद समीक्षा बैठक करने पर लिखता है– प्रधानमंत्री मोदी ने की अगली सरकार के सौ दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा।

**आज** अखबार की सुर्खी है– फर्जी सर्टिफिकेटधारी नियोजित शिक्षकों पर गिरेगी गाज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के सात चरणों में राज्य की चालीस सीटों पर डाले गए वोटों की गिनती कल होगी। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव की मतगणना भी कल।

02. मतगणना की मॉनिटरिंग के लिए राज्य में दो टीमों का गठन। आज सभी जिलों में होगा मतगणना का पूर्वाभ्यास।

03. यूपीआई लेन–देन का नया कीर्तिमान, इस वर्ष मई महीने में चौदह अरब से अधिक लेन–देन हुए।

04. और, राज्य में मॉनसून के निर्धारित समय से पहले पहुंचने की संभावना। मौसम विभाग ने कहा– अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर बारिश के आसार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।